168. किस राजपूत चित्रकला शैली में नारियों और रानियों को शिकार करते चित्रित किया गया है?

(a) जयपुर शैली (b) उदयपुर शैली
(c) कोटा शैली (d) बीकानेर शैली

VDO-2021
कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

169. चित्रांकन की उणियारा शैली को किस चित्रशैली की उप-शैली के रूप में माना जाता है?

(a) किशनगढ़ (b) ढूंढ़ाड
(c) मारवाड़ (d) मेवाड़

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (b) – चित्रांकन की उणियारा शैली को ढूँढ़ाड चित्रशैली की उपशैली के रूप में माना जाता है। उणियारा शैली पर जयपुर एवं बूँदी शैली का प्रभाव है। इस शैली के मुख्य चित्रकार - काशीराम, रामलखन, धीमा, मीरबक्स आदि है। उणियारा चित्रकला शैली, जयपुर एवं बूँदी चित्रकला शैली का मिश्रण है। इस शैली का प्रमुख विषय रसिक क्रिया है।

170. प्रसिद्ध चित्रकार धीमा, मीरबक्स, काशी एवं रामलखन राजस्थान की किस चित्रशैली से सम्बन्धित रहे?

(a) शेखावाटी शैली (b) अलवर शैली
(c) देवगढ़ शैली (d) उणियारा शैली

RPSC-2018

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

171. उणियारा चित्रकला शैली, चित्रकला की किन शैलियों का मिश्रण है?

(a) जयपुर और बूंदी शैली
(b) अलवर और कोटा शैली
(c) कोटा और आमेर शैली
(d) बीकानेर और आमेर शैली

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

172. राजस्थान में कोफ्तगिरी के काम के लिए कौन-से शहर प्रसिद्ध हैः

(a) बीकानेर एवं जोधपुर (b) कोटा एवं बूंदी
(c) अलवर एवं जयपुर (d) झालरापाटन एवं बाराँ

RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022

Ans. (c) : कोफ्तगिरी राजस्थान की प्रसिद्ध पारंपरिक हस्तकला है। यह मेवाड़ जिले में प्रचलित है। वर्तमान में अलवर और जयपुर इसके लिए प्रसिद्ध है। लोहे पर सूक्ष्म कसीदाकारी कोफ्तगिरी कहलाती है। अलवर के तलवार साज तथा उदयपुर के सिकलीगर लोग इस कला से जुड़े हैं। जयपुर के आयात-निर्यात बाजार में कोफ्तगिरी के समान पाये जाते हैं।

173. गोपाल, उदय, हुकमा, जीवन चित्रकला की किस शैली से सम्बन्धित थे?

(a) आमेर-जयपुर शैली (b) बीकानेर शैली
(c) जोधुपर शैली (d) मेवाड़ शैली

RPSC-2017

Ans. (a) : गोपाल,उदय,हुकमा,जीवन चित्रकला की आमेर-जयपुर शैली से संबंधित चित्रकार थे। आमेर शैली में सतसई पर आधारित कई चित्र बने। जयपुर शैली के कलाकारों ने आदमकद पोट्रेट भित्तिचित्रण व लघुचित्रण में मुगल प्रभाव का समावेश कर लोक-कलात्मकता के रूप में संतुलित रूप से प्रस्तुत किया। प्रसिद्ध चित्रकार साहिबराम जयपुर शैली से संबंधित है। जयपुर शैली में राधा कृष्ण की लीलाओं, नायिका भेद,राग-रागिनी, बारहमासा आदि के चित्रण किये गये हैं।

174. प्रसिद्ध चित्रकार साहिबराम किस चित्रकला शैली से सम्बन्धित है?

(a) कोटा शैली (b) जयपुर शैली
(c) बूँदी शैली (d) किशनगढ़ शैली

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक रेफ्रीजरेशन) परीक्षा -2018
RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

175. जयपुर चित्रकला शैली का स्वर्णकाल किस शासक के काल को माना जाता है?

(a) सवाई जयसिंह (b) सवाई ईश्वरीसिंह
(c) सवाई मानसिंह (d) सवाई प्रतापसिंह

Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020

Ans. (d) : जयपुर चित्रकला शैली का स्वर्णकाल सवाई प्रताप सिंह का काल (1778-1803) माना जाता है। साहिब राम, मोहम्मद शाह, सालिगराम, रघुनाथ, गंगा बख्श इत्यादि जयपुर चित्रकला शैली के प्रमुख चित्रकार है। इस शैली में आदमकार चित्र, कृष्णलीला, रागमाला, कामसूत्र, गीत गोविंद पर आधारित चित्र बने हैं। प्रसिद्ध चित्रकार साहिब राम को आदमकद व्यक्ति चित्रों के लिए जाना जाता है।

176. चित्रकार जो अपने आदमकद व्यक्ति चित्रों के लिए जाना जाता है-

(a) जयपुर का साहिबराम
(b) किशनगढ़ का निहालचंद
(c) बीकानेर का अहमद अली
(d) मेवाड़ का साहिबदीन

Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

177. मुहम्मद शाह और साहिबराम किस राजस्थानी चित्रकला शैली के प्रसिद्ध चित्रकार थे?

(a) जयपुर (b) बूंदी
(c) अलवर (d) उदयपुर

48 LA2018_Question Paper Code-48
प्रयोगशाला सहायक -2018 (03.02.2019)

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

178. जयपुर चित्रकला शैली की विशेष प्रगति किस शासक के काल में माना जाता है?

(a) सवाई जयसिंह (b) सवाई ईश्वरीसिंह
(c) सवाई रामसिंह (d) सवाई प्रतापसिंह

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

179. तारा शर्मा निम्न में से किस नृत्य की प्रसिद्ध कलाकार हैं?

(a) भवाई (b) तेरह ताली
(c) कच्छी घोड़ी (d) गैर

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I